Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide financial assistance to drought areas in Madhya Pradesh

श्री गणेश सिंह (सतना) : मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश के उन 18 जिलों, जिनमें सूखे की भयंकर स्थिति है, उस ओर दिलाना चाहता हूं। लगभग 17,749 गांव इससे प्रभावित हुए हैं। 97.52 लाख हेक्टेयर कृणि भूमि पर सूखे का असर हुआ है। 2.46 करोड़ लोग उससे प्रभावित हुए हैं। केद्रीय अध्ययन दल जून और सितम्बर, 2017 के दौरान सूखे संबंधित जानकारी जुटाने के लिए मध्य प्रदेश गया था। मध्य प्रदेश सरकार ने 3,705 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भारत सरकार के पास भेजा है, लेकिन अभी तक वह पैसा नहीं पहुंचा है। मेरे संसदीय क्षेत्र सतना की सभी तहसीलें भयंकर सूखे की स्थिति में हैं, पेय जल का गंभीर संकट है और किसानों की स्थिति को देखते हुए, मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि तत्काल मध्य प्रदेश को सहायता राशि पहुंचाएं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री जनार्दन मिश्र, श्री लक्ष्मी नारायण यादव और श्री बोध सिंह भगत को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।